Satya ka Avahan

सत्य का अवाहन

Invoking the Divine

Year 3 Issue 3 May–June 2014
Membership Postage: Rs. 100

Sannyasa Peeth, Munger, Bihar, India

Hari Om

Satya ka Avahan is a bi-lingual and bi-monthly magazine compiled, composed and published by the sannyasin disciples of Sri Swami Satyananda Saraswati for the benefit of all people who seek health, happiness and enlightenment. It contains the teachings of Sri Swami Sivananda, Sri Swami Satyananda and Swami Niranjanananda, along with the programs of Sannyasa Peeth.

Editor: Swami Yogamaya Saraswati

Assistant Editor: Swami Sivadhyanam Saraswati

Published by Sannyasa Peeth, c/o Ganga Darshan, Fort, Munger – 811 201, Bihar.

Printed at Thomson Press India (Ltd), Haryana

© Sannyasa Peeth 2014

Membership is held on a yearly basis. Late subscriptions include issues from January to December. Please send your requests for application and all correspondence to:

Sannyasa Peeth
c/o Ganga Darshan
Fort, Munger, 811 201
Bihar, India

✉ A self-addressed, stamped envelope must be sent along with enquiries to ensure a response to your request

Front cover: Swami Niranjanananda Saraswati, Paduka Darshan, Munger

Plates: 1–8: Satyameshwar Mahadeva, Paduka Darshan, Munger



SATYAM SPEAKS – सत्यम् वाणी

Yes, do read the *Bhagavad Gita* whenever you get the time. But, my child, this life itself is a never-ending *Gita*. Study this wonderful life-Gita and put the same into practice.

—Swami Satyananda

हाँ, जब भी समय मिले भगवद् गीता जरूर पढ़नी चाहिए। लेकिन यह बात याद रखो कि तुम्हारी जिन्दगी खुद एक अन्तहीन, सनातन गीता है। इस अद्भुत जीवन-गीता का नित्य-निरन्तर अध्ययन करते जाओ और उसकी अमूल्य शिक्षाओं को आत्मसात् करो।

—स्वामी सत्यानन्द

Published and printed by Swami Shankarananda Saraswati on behalf of Sannyasa Peeth, c/o Ganga Darshan, Fort, Munger – 811 201, Bihar.
Printed at Thomson Press India (Ltd), 18/35 Milestone, Delhi Mathura Rd., Faridabad, Haryana.
Owned by Sannyasa Peeth **Editor**: Swami Yogamaya Saraswati

Satya ka Avahan
सत्य का आवाहन
Invoking the Divine
Year 3 Issue 3 • May–June 2014

न तु अहं कामये राज्यं न स्वर्गं नापुनर्भवम्। कामये दुःखतप्तानां प्राणिनां आर्तिनाशनम्॥

"I do not desire a kingdom or heaven or even liberation. My only desire is to alleviate the misery and affliction of others."

—Rantideva



Contents

3 आत्म-विज्ञान
6 That Thou Art
10 आत्म-निरीक्षण
14 Discovery of the Self
18 स्वाध्याय का स्वरूप
19 Power of Reflection
21 शास्त्र-अध्ययन
24 Satyameshwar Mahadeva Arrives in Sannyasa Peeth
25 Practising Swadhyaya
28 मैं अब पूर्ण हूँ
29 The Path of Self-Enquiry
32 आत्म-साक्षात्कार
33 Two Levels of Swadhyaya
36 स्वान साधना से स्वयं को जानना
39 'The Lesson I Learnt in 2013'
40 The Universal Message of the Upanishads
36 प्रश्नोत्तर-रत्न-मालिका
47 Swadhyaya Meditation

Song of Sadhana

Purification, concentration, reflection, meditation,
illumination, identification, absorption, salvation.
These are the eight steps in spiritual sadhana.
Self-sacrifice, self-surrender, self-denial.
These are the different ways to slay this egoism.
Selflessness, self-restraint, self-purification,
self-analysis, self-introspection, self-examination.
All these will lead to self-realization.

—*Swami Sivananda*



आत्म-विज्ञान

स्वामी शिवानन्द सरस्वती

अमरत्व की सन्तानों! तुमने अनेक विज्ञानों का अध्ययन किया है, किन्तु एक विज्ञान ऐसा भी है जिसके जान लेने से अदृश्य पदार्थ दृश्यमान हो जाते, अश्रुत गीत सुन लिए जाते और अज्ञात रहस्य जान लिए जाते हैं। वही विज्ञान सब विज्ञानों का विज्ञान है, जिसे आत्मविज्ञान कहते हैं। सुनते हैं कि उसी विज्ञान से हम आनन्दमय-अमर-जीवन और शाश्वत-शान्ति को प्राप्त कर सकते हैं। उसे ही ब्रह्मविद्या कहा जाता है। ब्रह्म या आत्मा ही तो सभी नामों और रूपों का परमाधार है। वही मन, इन्द्रिय और प्राण को प्रकाश देता है। कहा है न उपनिषदों ने *'मनस: मन: प्राणस्य प्राण:।'* यदि उस विज्ञान को प्राप्त कर लोगे तो सभी दु:खों और भौतिक क्लेशों का निराकरण हो जाएगा; साथ-साथ आनन्द का अक्षय भण्डार भी आपको मिल जाएगा। जब तुम ब्रह्म के उस परम-विज्ञान का साक्षात्कार कर लोगे तो तुम्हारा मन सांसारिकता में लिप्त नहीं रहेगा, असन्तुष्ट भी नहीं रहेगा, क्योंकि ब्रह्म परिपूर्ण है। उस परमपद को प्राप्त कर लेने पर तुम्हारी सम्पूर्ण इच्छाएँ पूर्ण हो जाएँगी और तुम कामनारहित अवस्था की प्राप्ति कर सकोगे, जिसे राजयोग में निर्विकल्प समाधि कहा गया है।

हमने यह शरीर इसी प्रयोजन के लिए धारण किया है। प्रत्येक मनुष्य के मन में आत्मा को प्राप्त करने के संस्कार वर्तमान हैं, आवश्यकता है तो पथ-प्रदर्शन की और लगन के साथ साधना की। सांसारिक चक्कर में फँसकर हम यह नहीं जान पाए हैं कि किस प्रकार परम-लक्ष्य की प्राप्ति की जाए। आज से हम पुन: जाग जाएँ और आत्म-साक्षात्कार के पथ पर निरन्तर अग्रसर होते जाएँ।

आत्मा की प्राप्ति कैसे की जाए, यह प्रश्न सभी के मन में आता है। तुम कितने ही बुद्धिमान् क्यों न हो, तुम्हारे पास कितना ही प्रचुर धन और लोकबल क्यों न हो, किन्तु जब तक तुम साधना नहीं करोगे, लगन के साथ आत्मा को प्राप्त करने की चेष्टा नहीं करोगे, तब तक अन्धकार में ही भटकते रहोगे। मैं तुम्हें ज्यादा पचड़े में नहीं डालूँगा। यदि सच पूछो तो मैं तुम्हारे भटकने का कारण भी अच्छी तरह जानता हूँ। कमी यह है कि तुम मन के कार्य-कलाप को समझने की चेष्टा ही नहीं करते और न तुममें साधना करने की तीव्र इच्छा ही है। वैसे तो सभी लोग यही चाहेंगे कि आत्मज्ञान हो जाए और वे जीवनमुक्ति का अनुभव करने लगें, किन्तु साथ-साथ वे अपने परिवार, अपनी समाज-प्रतिष्ठा और अपने वैभव को भी देखते रहना चाहेंगे। यही मनुष्य की कमी है। जिस प्रकार नाव को किनारे बाँधने पर उसे रात-दिन चलाने का भी कोई फल नहीं होता, उसी प्रकार अपना मन दुनियादारी में जकड़ कर नाममात्र

की साधना करना कोई मूल्य नहीं रखता। साधना का अर्थ तो यह है कि हम अपने अशुद्ध मन को शुद्ध करें और अपना ध्यान अधिक-से-अधिक परमात्मा की ओर लगाएँ। अपने दैनिक जीवन में 'भक्ति-भक्ति' पुकारना हमें तब तक शोभा नहीं देता, जब तक हम अपने हृदय में सचमुच परमात्मा की उज्ज्वलता के दर्शन न करें और जब तक हम अपने हृदय के परमात्मा को प्रत्येक रूप में रमा हुआ न जानें। 'मुँह में राम बगल में छूरी', यह योग नहीं है। इसे भक्ति और आध्यात्मिकता की संज्ञा देना हमारी मूर्खता ही होगी। हमारा जीवन नियमित होना चाहिए और सिद्धान्तों की आधारभूमि पर सुदृढ़ भी।

तुम लोग योग और आध्यात्मिकता का नाम सुनकर डरना नहीं। यह गलत धारणा है कि योग और आध्यात्मिकता मनुष्य को जंगली बना देते हैं और उसे संसार से दूर हटा लेते हैं। योग तो प्रत्येक स्थान में सिद्ध किया जा सकता है, किन्तु वह योग क्या है? वह है हमारे दैनिक जीवन में दिव्य गुणों का जागना। हमारे दैनिक जीवन से दुर्गुणों का भाग जाना, उनका अस्त हो जाना ही दुनियादारी से हट जाने का अर्थ है। यदि हम सद्गुणों का संचय करेंगे तो आत्मतत्त्व की प्राप्ति अवश्य कर सकेंगे। इसलिए हमें चाहिए कि हम स्थिरबुद्धि, निरहंकारिता, सरलता, ईमानदारी, भद्रता, दानशीलता और पवित्रता जैसे सद्गुणों का अभ्यास अभी से आरम्भ कर दें। वैसे तो एक ही गुण के विकास से तुम आनन्द और शान्ति का अनुभव कर सकोगे। ज्योंही एक-आध गुण विकसित हो जाएगा, त्यों ही तुम अन्य गुणों को स्वत: ही जाग्रत होता पाओगे।

अभी इन्द्रियाँ तुम्हें बार-बार विचलित करती रहती हैं। तुम छोटी-छोटी बातों को लेकर दु:खी या अति प्रसन्न हो जाते हो। अपनी चीजों के प्रति तो ममता और मोह के भाव रखते हो जबकि दूसरों की चीजों को लापरवाही से देखते हो। इस आदत को हटाना होगा। अपनी-परायी नाम की कोई चीज नहीं। यह तो स्वार्थ का उदाहरण मात्र है। यदि तुम सच्चे और ईश्वरीय गुणों का संचय करना चाहते हो, तो आज से ही तुम्हें परमार्थ के भावों से परिपूर्ण हो जाना होगा। याद रखो कि इस जगत् में कोई वस्तु ऐसी नहीं, जिसे तुम सदा अपनी कह सको। तुम्हारे पास धन-दौलत आती तो है, किन्तु चली भी तो जाती है किसी दूसरे के पास। पति-पत्नी, पुत्र-पुत्री और नाती-पोते भी आते हैं, लेकिन सदा के लिए तुम्हारे नहीं बने रहते। इसी प्रकार दुनिया में प्रत्येक वस्तु तुम्हारी होते हुए भी सदा के लिए तुम्हारा साथ नहीं दे सकती। अत: उचित यही है कि उन नश्वर चीजों के मोह में न पड़ें और व्यर्थ की चिन्ता मोल न लें। जब तक कोई वस्तु हमारे पास है, उसका उचित व्यवहार करें और यह याद रखें कि किसी भी समय वह वस्तु हमारा साथ छोड़ सकती है। यदि मन में यह भावना सदा बनी रहेगी तो यह निश्चयपूर्वक कहा जा सकता है कि हम आज की तरह दु:खी, चिन्तित और सन्तापित नहीं होंगे।



महाराजा जनक इसके ज्वलन्त उदाहरण थे। उन्होंने एक बार कहा था, *'मिथिलायां प्रदग्धायां न मे किञ्चित् विनश्यति'* अर्थात् मिथिला में आग लगी है तो मेरा क्या जाता है? इसका अर्थ यह नहीं कि महाराजा जनक लापरवाह थे, बल्कि इस उदाहरण का तात्पर्य है कि महाराजा जनक की अनासक्ति भावना परमार्थ के उस चरम-पद तक पहुँच चुकी थी, जहाँ वे जगत् की प्रत्येक वस्तु को अपना न जानकर प्रत्येक का जानते थे और उनको क्षणभंगुर समझते थे। यही निरासक्ति प्रत्येक मनुष्य में उदय हो तो मैं विश्वासपूर्वक कह सकता हूँ कि मनुष्य-समाज के समस्त दु:खों की इतिश्री हो जाएगी। ■

That Thou Art

Swami Sivananda Saraswati

You are the ever-existent Atman, the immortal Self, full of knowledge and bliss. You exist even when the physical body is destroyed. In all beings, in the trees, in the lights, in tables and chairs, there is this one existence. A thing exists. A tree exists. A table exists. You can reduce this table to ashes; and yet it exists. Existence or *sat* is the reality.

Supreme innermost Self

You behold pots and cups; there must be a potter. There are tables and chairs; there must be a carpenter. You behold rice, utensils; there must be a cook to prepare the food. There is the airplane, the engine; there must be a driver. Even so, there must be a Supreme Driver, a driver of drivers, a Driver who drives the prana and the senses. That Supreme Driver is the Absolute or the Eternal. That is your real nature; without this Driver the prana and mind cannot function.

In the *Kenopanishad* the student asks: "By whom is this mind directed? By whom are the pranas and senses made to run towards the external objects and to perform their functions?" The mind would not function were it not for the consciousness and intelligence that it borrows from the Supreme Brahman, which is the basis and the source of the mind, prana and the indriyas.

Our seers and sages who have come face to face with the Supreme Brahman have given expression to their experiences in the Upanishads and other scriptures. You should study them, and then alone will you understand what the nature of the Atman is. He is beyond rajas and tamas. He is the light of lights, pure consciousness. He dwells within this bulb; therefore the bulb gives light. He dwells within this microphone; therefore it transmits sound. He is the innermost

self, *antaryamin*, inner ruler. That is your real nature. *Atma antaryatmyamritah* – "He is immortal, *amritam*." *Antaratma nitya shuddha buddha satchidananda* – "He is eternal, pure, illumined and of the nature of Existence-Knowledge-Bliss absolute."

Pure witnessing consciousness

He is beyond maya and her operations. A pure crystal is not affected by the colour of the red flower which is placed near it, though the colour is reflected on it. The sun which is the presiding deity of the eye is not affected by the defects of the eye. There is poison on the fangs of a cobra which will put to death anyone whom it bites; but the poison does not affect the cobra itself. Even so, the ever-pure Atma, which always exists and which is the only reality, is not affected by the imperfections of maya. There are fluctuations and changes in the mind, but the Atman which is the witness, silent *sakshi*, pure consciousness, is not affected by the taints of the mind.

The infinite Atma, which is not affected by the gunas, must be all-pervading. So it must be unchanging. It must be unborn. That which is caused is a modification; it cannot behold the original causeless cause. It is self-luminous; it gives light to the mind and the indriyas, sun, moon and stars. It is self-existent; it is the source of the entire universe. It must be infinite. Through logical argument you can arrive at the conclusion that the ever-self-luminous Atma, which is beyond time, space and causation, must be all-bliss and the embodiment of happiness and freedom. That is the Atma. That is the Absolute. That is the Eternal. That is your real essential nature.

When your ignorance is rent asunder, when you transcend the indriyas and the mind, just as the rivers join the sea and become one with it, you also will become united with the Supreme Self. In honey that is collected by the bees from various flowers, there is but one homogeneous mass of sweetness. Even so, all animals, human beings, plants – everything – will return to the Atma. There is no caste distinction there. It is homogeneous wisdom, perennial joy. That is your essential nature.



Study the self

So many sciences you learn at the university, but you are not aware of the science of sciences, Brahma vidya. Study that Brahma vidya and attain immortality in this very birth; no, this very second. It is easy of attainment by the sincere aspirant who is endowed with the four means of salvation: *viveka*, discrimination; *vairagya*, non-attachment; *shadsampatti*, the six-fold wealth of an aspirant; and *mumukshutva*, desire for liberation. Dispassion is most essential; dispassion is mental non-attachment. Vairagya should be born of discrimination. He who has discrimination is the real aspirant here. He can cross the ocean of birth and death. *Tarati shokam atmavi* – "He is free from grief and delusion." *Yasmin sarvani bhutani atmaivabhud vijanatah tatra ko mohah kah shoka ekatvam anupashyatah* – "Where is the grief, where is the delusion for one who beholds the One Self everywhere?" The world is Atma for him. That is the goal.

You must learn that Brahma vidya which enables you to attain this. At least first acquire a theoretical knowledge by studying the Upanishads, the *Gita* and the *Brahma Sutras*. Then practise; try to reach the goal. Gradually, even with faltering steps – you may fall down a hundred times, but try to stand up

again and plod on – reach the goal. Again and again do vichara. There may be many obstacles; because you have to fight against your old samskaras, the fight is tough and protracted. It may last until the end of your life. You must be a *dheera*, a man of forbearance, to carry on this adhyatmika battle. You must have patience, the patience of a man who in a rage wanted to empty the ocean with a blade of grass. You have to pay a heavy price, for you aim at the highest. You aim at attaining immortality, freedom, peace, bliss and perennial joy. ■

आत्म-निरीक्षण

स्वामी सत्यानन्द सरस्वती

दुनिया में कोई आदमी ऐसा नहीं है जो अपने को देख सकता है। हाँ, दूसरों को देखना सबको आता है। हमको मालूम है कि तुम्हारा चेहरा कैसा है, तुम्हारे बाल कैसे हैं, तुम्हारी नाक कैसी है, तुम कैसा बोलते हो, मीठा बोलते हो या कड़वा, अच्छा गाते हो या खराब, हमको यह सब मालूम पड़ जाएगा, मगर तुमको खुद कभी मालूम नहीं पड़ेगा। सबका यही हाल है। दुनिया में जितने जीव हैं, इस मामले में सब अज्ञान में हैं। मनुष्य स्वयं कैसा है, इसकी जानकारी दूसरे से होती है। जैसे चेहरे की जानकारी दर्पण से होती है, वैसे ही तुम्हारे स्वभाव की जानकारी निन्दा करने वाले से होती है। जो तुम्हारी आलोचना करता है, निन्दा करता है, वही तुम्हारे चेहरे का, स्वभाव का सही रंग बतलाता है। इसलिए कभी कोई कहे कि तुम ऐसा क्यों करते हो, तो उस समय प्रतिकार नहीं करना चाहिए, न ही अपनी सफाई देनी चाहिए। कहना कि हाँ, ऐसा है, फिर उस पर आत्म-निरीक्षण करना चाहिए।

आत्म-निरीक्षण के वक्त आदमी को अपने विवेक को जज बनाना पड़ता है, जो तुम्हारी तरफदारी न करे। वकील तरफदारी करता है, मगर जज तरफदारी नहीं करता। अपनी तरफदारी नहीं करनी चाहिए। इसको कहते हैं—स्व-आलोचना। ईसाई धर्म कहता है, 'अपनी आलोचना किया करो।' तुलसीदास जी ने भी कहा है—*'मो सम कौन कुटिल खल कामी।'* मतलब उन्होंने स्व-आलोचना को स्वीकार किया है। बहुत मुश्किल है अपना चेहरा देखना। जब दूसरे लोग तुम्हारी तारीफ करते हैं कि तुम बहुत सुन्दर हो, बहुत विनम्र हो, बहुत अच्छा गाते हो, बहुत अच्छा लिखते हो, बड़ा अच्छा स्वभाव है, बहुत अच्छे कार्यकर्त्ता हो, बहुत सज्जन हो, तो वह भी तुम्हारा चेहरा है। मगर जब तुम्हारी निन्दा की जाती है तब तुम्हारा चेहरा लटक जाता है, तुम अपने को बचाते हो, कहते हो, 'नहीं, नहीं, मैं कहाँ करता हूँ ऐसा। मैं किसी को बुरा नहीं कहता हूँ, मेरी आदत ही नहीं है किसी को बुरा-भला कहने की।'

आलोचना और प्रशंसा

आलोचना करने पर आदमी अपना बचाव ही करेगा, लेकिन जब उसको बोला जाएगा कि तुम बहुत अच्छा गाते हो, उस वक्त वह फूल जाएगा, उसमें अहंकार आ जाएगा। आदमी की ये दो बहुत बड़ी समस्याएँ हैं, आलोचना में बचाव और प्रशंसा में अहंकार। अब जैसे कोई लड़की बहुत अच्छा गाती है और उसे प्रशस्ति-पत्र मिल गया, पन्द्रह हजार रुपये का इनाम भी मिल गया, उसका नाम तक अखबार में छप

गया, तो इन सबसे मद आता है, घमण्ड आता है। मगर उसके बाद आलोचना सुन कर अपने को बचाने की प्रवृत्ति आती है। और दोनों ही गलत हैं।

आदमी को दोनों जगह अलग रवैया रखना पड़ता है। यहाँ सबसे बड़ी चीज है, चिन्तन और आत्म-निरीक्षण। अगर कोई कहे कि तुम बहुत अच्छा भाषण देते हो, बहुत अच्छा लिखते हो, बहुत अच्छे नेता हो, तो अपने मन में सोचना चाहिए, 'हाँ, मानते हैं ऐसा होगा। मगर देखो, गाँधीजी में कैसी नेतागिरी थी, तानसेन कैसा गायक था, महाराणा प्रताप कैसे योद्धा थे, शिवाजी कैसे कूटनीतिज्ञ थे, हममें तो वैसा कुछ नहीं है, हमको तो और आगे बढ़ना होगा।' आदमी को प्रशंसा में विनम्र होना चाहिए। बाहर से जो बोले सो बोले, लेकिन अन्दर भावना दूसरी होनी चाहिए। जब निन्दा होती है, आलोचना की जाती है, उस वक्त तुम्हारे मन में स्वीकृति आनी चाहिए, 'हाँ, यह सही है।' और जब तुम्हारी प्रशंसा की जाती है उस वक्त स्वीकृति नहीं होनी चाहिए, उल्टा सोचना चाहिए, 'ठीक है, स्कूल में इनाम मिल गया, पर इससे क्या होता है, दुनिया तो बहुत बड़ी है।' जैसे पेड़ फल लगने से झुक जाता है, उसी प्रकार जो गुणवान् व्यक्ति होते हैं, वे गुणों के कारण नम्र हो जाते हैं। जो आदमी दबना जानता है, वह दुनिया पर राज करता है। जो दबता है, उसके अन्दर बहुत दम होता है।

लेकिन जो मैं कह रहा हूँ, यह आसान नहीं है। यह एक बहुत कठिन चीज है। कबीरदास जी कहते थे–

निन्दक नियरे राखिए, आँगन कुटी छवाय।
बिन साबुन पानी बिना, निर्मल करे सुभाय॥

जो तुम्हारी आलोचना करे, उसको तुम अपने कमरे में रखो, ताकि वह बिना पानी और साबुन के तुम्हारा कपड़ा साफ कर दे। तुमको डिटर्जेंट और पानी की जरूरत नहीं है। पर ऐसा होता नहीं है। आदमी हमेशा अपनी बुराई करने वाले की उपेक्षा करता है और अपनी तारीफ करने वाले को अपने निकट रखता है। दुनिया में सब जगह ऐसा ही होता है।

स्वयं को दूसरों के माध्यम से जानना

सुकरात कहता था–स्वयं को जानो। उपनिषद् में कहा गया है– *आत्मानं विजानीमहि।* रमण महर्षि भी एक ही बात कहते थे। वे तो हिन्दी नहीं जानते थे, जब भी कोई उनके पास उपदेश के लिए जाता था, वे कहते– 'नान यार'– मैं कौन हूँ, यही विचार करो। अपने को जानो, अपने को पहचानो। अपने को पहचाने बिना ये चीजें बहुत कठिन हैं जीवन में। बहुत बार तुम परीक्षाओं से गुजरते हो। परिवार में, समाज में, संस्थाओं में बहुत परीक्षाएँ आती हैं। जहाँ भी जाओगे, चुनौतियाँ और परीक्षाएँ ही पाओगे।

आदमी को पहले अपने दोष देखने चाहिए। जब तुम्हें अपना दोष दिखेगा, तब तुम्हें पता चलेगा। दूसरे में दोष दिखे तो वही दोष अपने में खोजो।

बुरा जो देखन मैं चला, बुरा न मिल्या कोई।
जो दिल देखा आपना, मुझ सा बुरा न कोई॥

संत-महात्माओं ने तो पहले इसका प्रयोग किया है। दूसरे के दोष देखने की बजाय आदमी को अपने में दोष देखना चाहिए। लेकिन ऐसा होता नहीं है। अगर तुम अपने में बहुत ज्यादा दोष देखोगे तो तुम्हारा आत्म-विश्वास कम हो जाएगा। तुम्हें यही लगेगा कि मैं नालायक हूँ। इसलिए अपने में दोष देखना, यह प्राकृतिक नियम नहीं है। प्रकृति ने एक नियम बनाया है कि अपना चेहरा अपने को नहीं दिखाई दे। प्रकृति ने यह नियम सबके लिए बनाया है। किसी व्यक्ति को अपने दोष, अपने दुर्गुण स्वयं खोजने पर भी नहीं मिलते। पहले तुम उन्हें दूसरे में देखते हो कि वह बहुत आलसी है, बहुत बोलता है, बड़ा अहंकारी है। तब तुम उन दोषों का विश्लेषण करते हो कि घमण्ड क्या है, ईर्ष्या किसे कहते हैं। ये सब चीजें पहले दूसरों में अध्ययन करोगे। अपने में नहीं मिलेंगी, चाहे तुम लाख कोशिश करो। मैं यहाँ मौजूद हर एक व्यक्ति

से खुले तौर पर कह सकता हूँ कि तुम कितनी भी कोशिश कर लो, तुमको अपने में कोई दोष मिलने वाला नहीं है। दोष तुमको दूसरे में ही मिलेगा।

यह प्रकृति का नियम है। पहले दूसरे में अध्ययन किया, तब तुमको अपने बारे में पता चला। तुमको कैसे पता कि आँख ऐसी होती है? तुमने दूसरे की आँख देखी, नाक देखी, होंठ देखे, बाल देखे, ललाट देखा, तब जाकर तुमको पता चला कि मेरा भी ऐसा ही होता होगा। प्रकृति ने अपने को जानने के लिए दूसरे को बनाया है। दूसरा आदमी तुम्हारा दर्पण है। वह तुमको बताता है कि गुस्सा क्या होता है। तुमको क्या मालूम कि गुस्सा क्या होता है। तुमको तब मालूम पड़ेगा जब तुम्हारे सामने दूसरा आदमी खूब गुस्सा करेगा। तब तुम सोचोगे, 'यह बड़े गुस्से में है, अच्छा तो गुस्सा इसको कहते हैं।' माता-पिता को देखकर सोचोगे, 'हमारे माता-पिता हमें बहुत प्रेम करते हैं, तो यह प्रेम है।' प्रेम क्या है, क्रोध क्या है, नफरत क्या है, यह तुम जिन किताबों से सीखते हो, वे किताबें हैं तुम्हारे आस-पास के लोग। तब फिर उस दोष को अपने में ढूँढना पड़ता है। इसके पहले अपने में बुराई खोजना गलत है। इसलिए पहले तुम दूसरे की निन्दा करते हो।

दूसरे की निन्दा करना एकदम स्वाभाविक है। यह मानव मन के विकास-क्रम में प्रकृति का नियम है। तुम शुरू में कैसे कह सकते हो कि हम नालायक हैं, जब तुम्हें यही नहीं मालूम कि नालायक कहते किसको हैं। खाली तुमने एक मत बना लिया कि हम नालायक हैं, किसी काम के नहीं हैं, बेकार हैं, बिना यह जाने कि इसका मतलब क्या है। उससे व्यक्तित्व को चोट पहुँचती है। और इसी तरह आदमी अपनी तारीफ भी करता है, मैं बहुत सुंदर हूँ, मैं बहुत अच्छा गाती हूँ, मैं बहुत अच्छी हूँ। लेकिन क्या तुम्हें मालूम है कि सुंदरता क्या है? सुरीला स्वर क्या है? अच्छाई क्या है? पहले तुम जानो कि सुंदरता क्या है, संगीत क्या है, अच्छाई क्या है, तब वह तुम्हें अपने भीतर मालूम पड़ेगा। नहीं तो, मैं बहुत अच्छी हूँ, यह अहंकार हो जाएगा। इसलिए जीवन को बनाने के लिए प्रकृति ने जो नियम तैयार किए हैं, उनको समझना चाहिए। कोई तुम्हारी आलोचना करता है, बुराई करता है, करने दो। चुप रहो। प्रतिकार मत करो। और जब तुम दूसरे की निन्दा करते हो, तब उस समय अपने भीतर खोजो कि कहीं मेरे में तो यह दोष नहीं है।

स्वयं को जानना दुनिया में सबसे मुश्किल चीज है। दुनिया में आदमी सब चीजें जान सकता है, लेकिन अपने को नहीं जान सकता। अपने को जानना ही आत्म-साक्षात्कार है। यह सामान्य उपलब्धि नहीं है, बहुत ऊँची उपलब्धि है। हम लोगों को अभी यह उपलब्धि नहीं हुई है। हम लोग सब गप्प लगाते हैं कि आप बहुत अच्छे हैं, बहुत पहुँचे हुए हैं। स्वयं को जानना जीवन की महानतम उपलब्धि है। उपनिषदों ने इसे आत्मज्ञान कहा, किसी ने ईश्वर-साक्षात्कार कहा। स्वामी शिवानन्दजी कहा करते थे, दोनों एक ही हैं, अपने को जानना और भगवान को जानना बराबर है। ■

Discovery of the Self

Swami Satyananda Saraswati



Life and man's consciousness are interacting with each other. Our external life, or our day-to-day life, is an expression of our minds and consciousness. This means that our pleasures, our joys, our depressions and our follies in life belong more to our inner life than to the events outside. Everybody's consciousness is constantly interacting with everything, with every person around him. This unbroken interaction between myself and everything around me is so consistent and so constant that all experiences are a combination of these two.

It is important to understand that everything, every expression and experience, emerges not from the object or the events outside, but from our own self. Therefore, everybody's experience, expression, reaction is not the same. As you have evolved, so you react. The reaction of an animal is different from the reaction of an intelligent person. The reaction of an intelligent person is different from the reaction of a wise man. In the same way, the reaction of a wise man is different from the reaction of a saint.

Therefore in yoga we have always been talking about the discovery of a higher quality of mind. We have been visualizing the possibility of a higher quality of reaction resulting from a higher quality of mind. The purpose is to have a better understanding, to have a better experience, to have a better attitude towards the whole of life around us. Man is

not happy just because everything is congenial. He is happy because he has discovered a new approach to life. Man is not unhappy just because everything is loaded against him. He is unhappy because his whole approach to life is so negative. Why should he have a negative approach while another person has a positive approach? That is because the mind is not an independent instrument of experience. It is guided either by the divine or the monstrous forces.

When you develop the inner self in you, it takes control of all your functions, and you are under the control of Spirit or the Self. I think that it is necessary for us to understand this important point. Life will go on as usual, and we will have to face things as we have been doing all along, so there is no use in criticizing life. There is no use feeling disappointed and dejected.

Nothing closer than the Self

In order to discover the Self you do not have to fight with anything because it is already within you. In fact, there is nothing closer than that Self. The Atman I am talking about is closer than your own breath, closer than your own mind. It is much closer than your own feelings, still, there is a blockage somewhere. That is why, even though it is very close to you, you do not experience it. It is so radiant and still you do not see it. It is so real and yet you do not have a concept of it. When you compare them with the Self, the senses are not real, the mind is not real, and the *buddhi* or intellect is not real, but what a tragedy it is that we can experience the unreal yet we cannot experience the real.

It seems that all of us are under hypnosis, or there is some sort of delusion taking place within us. We are able to experience the clamour of the senses in the body which have no luminosity; we are able to experience the oscillating, vacillating and dissipating mind which also has no luminosity. They are not independent entities. The body is a composition. It is not homogeneous. The senses are compositions and the mind is a

composition. None of these are homogeneous. How peculiar is it that we do not experience all the time? In dreams we do not experience the outer world. In deep sleep we do not experience at all. This means that these instruments are not eternal. Do you not think that the mind is an idea? Do you not think that sense experience or the senses themselves are an idea? Maybe the mind, the senses and the body are just ideas? I am not talking of philosophy, I am talking science. I think that objects, senses and mind are the qualities of man's ignorance.

Discovering the Self

Now, the Self is what we have to discover, but there is a difficulty. The difficulty is how to discover it. If you want to discover it with the mind, well, we have already said that it is not a subject of the mind. Mind is finite and the Self, the Atman, is infinite. How can you understand, realize or discover the infinite with the finite? The difficulty has always been felt by everybody who has tried to discover the Atman or the Self.

There is a very important text called the *Kenopanishad*. It is one of the oldest texts dealing with the difficulty of discovering the Atman. After discussing this problem in detail it has come to one conclusion: withdraw the mind, withdraw the prana, disconnect the sensorial channels and develop *shoonyata*, void, nothingness. That is a state where there is no experience, a state where there is no perception, a state where there is no cognition, a state where you do not exist for a period of time. That radiant experience is the discovery of the Self. In the beginning it is just an experience. Have this experience again and again. It becomes a pervading force. It gets saturated into the whole being. Your senses are controlled by that. Your mind is controlled and guided by that.

I have always been thinking that there is something beyond matter, beyond energy, beyond force, and something beyond light. What could it be? Nothing! And that nothing is everything! Experience that silence. Experience that nothingness. Experience that death. After that you are reborn.

Join the galaxy of the liberated

Nobody will see that you have changed. You take your car and go to your office, you do your typing, you deal with cash, you run a hotel, you may do whatever you like; nonetheless, a total change has taken place. Now you have discovered your Self, and in the light of this discovery of the Self you are participating in this great drama of creation. You realize yourself as part of this Universal Being, and everything is a matter of happiness. Somebody criticizes you, well, that is another way of loving you. You are sick or you are ill and weak, that is another way of taking a complete rest.

Now everything that happens in life leads to a positive experience in you. That is how thousands of people have lived in the past in a particular galaxy, the galaxy of the liberated saints and swamis. I think we want to join that galaxy because it is such a nice one, where everything has a positive meaning. All this experience is necessary; sickness is necessary, love is necessary, but that galaxy of the liberated is what has to be attained to transcend the negative influence of the mind on the experiences of life. ■

स्वाध्याय का स्वरूप

स्वामी निरंजनानन्द सरस्वती

योग दर्शन में पाँच नियम आते हैं—शौच, संतोष, तप, स्वाध्याय और ईश्वर प्रणिधान। ये पाँच नियम जीवन को व्यवस्थित और अनुशासित करने के लिए हैं, जीवन की प्रक्रियाओं को समझने और जानने के लिए हैं। इन पाँच नियमों में एक है स्वाध्याय। स्वयम् का अध्ययन, खुद को जानना स्वाध्याय कहलाता है। स्वाध्याय के नाम पर बहुत-से लोग कह देते हैं कि आध्यात्मिक ग्रंथ पढ़ने चाहिए, धर्म-शास्त्र पढ़ने चाहिए, गीता पढ़नी चाहिए, उपनिषद् पढ़ने चाहिए, और इस तरह स्वाध्याय का मतलब बाह्य अध्ययन से लगाया जाता है। शास्त्र-अध्ययन को ही स्वाध्याय कहा जाए, यह इसका केवल एक पक्ष हुआ। लेकिन अगर शब्दों को ठीक से समझा जाए तो स्वयम् का अध्ययन स्वाध्याय कहलाता है। तब आत्म-परीक्षण, आत्म-निरीक्षण, आत्म-चिंतन और आत्म-शोधन स्वाध्याय के अंग बनते हैं।

सामान्य रूप से लोग स्वाध्याय को ज्ञान अर्जित करने का साधन मानते हैं। शास्त्रीय ज्ञान को तो लोग अर्जित कर लेते हैं, लेकिन अपने बारे में, अपने व्यवहार को, अपने मन को, अपनी इच्छाओं को, अपनी महत्त्वाकांक्षाओं को नहीं जान पाते हैं। अपनी इच्छाओं, कमजोरियों, सामर्थ्यों, प्रतिभाओं और महत्त्वाकांक्षाओं को जानना, समझना और उन्हें व्यवस्थित करना, यह असली स्वाध्याय है। स्वयम् का अध्ययन करके अपने आप को व्यवस्थित करना स्वाध्याय का वास्तविक अर्थ होता है। एक बार जब यह प्रथम चरण पूरा होता है, तब जाकर मनुष्य फिर आध्यात्मिक विद्याओं का भी अध्ययन कर सकता है, अपने आपको प्रेरित करने के लिए, अपने ज्ञान और अनुभव को बढ़ाने के लिए। ■

Power of Reflection

Swami Niranjanananda Saraswati



Enquiry and reflection is known as *atma vichara.* The purpose of this reflection is to dispel the cloud of ignorance and to cultivate a better understanding. Otherwise, what is the use of reflecting? What is the use of thinking? When you reflect, you tend to brood over your problems, rather than searching for a solution. Under the normal conditions in life, if there is a thought process or any kind of reflection, then it is always about your suffering or about what you do not have, what is called the 'worry factor'.

In your life, reflection is not pure. Reflection takes on the garb of worry instead. When reflection takes on the garb of worry, you identify with and go deeper into a state of mind from which you cannot extract yourself. You cannot be natural, free and spontaneous, and instead you get caught in the vortex of that one thought, that one idea, that one feeling, that one sentiment, that one emotion, and it sucks you down. It takes you down; as you get sucked into that vortex of worry, wisdom and knowledge disappear and you encounter more darkness. It is like diving down deep into the ocean. If there is a vortex in the ocean and you get caught in it, you simply go down. You leave the sky, the sun and the wind above, and you become surrounded by water and suffocate in it. That

is *avidya*. That is ignorance. The negative aspect of reflection always pulls you down into a deeper state of ignorance.

Reflection is the antidote. Instead of worrying about something, reflect upon it. Find out what the solution to the problem can be. Instead of worrying that 'I am like this and like that', reflect on how you can cultivate your strengths so that you aren't 'like this and like that'. Find out how you can be something different and better. Through reflection, guilt and ignorance can be avoided, and clarity of mind can be maintained. With clarity of mind comes wisdom. With clarity of mind comes knowledge. That wisdom and knowledge become *atma vichara*, reflection on one's own self.

In worry, anxiety and frustration, there is always a reaction and no reflection. Reflection happens when you are able to see the situation in a different form, a different light. When you are able to analyze the nature, then you can also discover the truth of a situation. For instance, if someone complains about someone else, you may be able to see that the person is speaking out of jealousy. Therefore it is not the other person who is at fault; it is the person who is complaining who is at fault. That is reflection and of course the idea of reflection can go much deeper.

The idea of reflection is keeping your focus in front of you all the time and not being swayed by the influences that surround you. You utilize your wisdom and knowledge, and you dispel from your life the cloud of ignorance that makes you do the wrong thing and reap a negative result. If you can become aware and cultivate this understanding, cultivate the quality of knowing and observing, then that becomes the stepping stone that will lead you to a relationship between you, nature and the divine. You discover a connection, a link between the three, and the sensorial links are severed. In the course of time, this reflection becomes *jnana*, wisdom. It becomes the realization of 'What I am'. With this realization, avidya disappears. ■

शास्त्र-अध्ययन

स्वामी शिवानन्द सरस्वती

यः शास्त्रविधिमुत्सृज्य वर्तते कामकारतः।
न स सिद्धिमवाप्नोति न सुखं न परां गतिम्॥16.23॥

'जो पुरुष शास्त्रविधि को त्यागकर अपनी इच्छा से मनमाना आचरण करता है, वह न सिद्धि को प्राप्त होता है, न सुख को और न ही परमगति को।'

तस्माच्छास्त्रं प्रमाणं ते कार्याकार्यव्यवस्थितौ।
ज्ञात्वा शास्त्रविधानोक्तं कर्म कर्तुमिहार्हसि॥16.24॥

'इसलिए तुम्हारे लिए इस कर्त्तव्य और अकर्त्तव्य की व्यवस्था में शास्त्र ही प्रमाण हैं। ऐसा जानकर तुम शास्त्रविधि से नियत कर्म ही करने योग्य हो।'

धर्म के विषय में बुद्धि को प्रामाणिक नहीं माना जा सकता। अविकसित मनुष्य अपने लिए उचित-अनुचित का सही फैसला नहीं कर सकते। धर्म के विषय में शास्त्र ही प्रमाण हैं। शास्त्रों के अतिरिक्त ज्ञान के किसी अन्य स्रोत द्वारा आप धर्म की बारीकियों के बारे में नहीं जान सकते।

श्रुति एवं स्मृति

सनातन धर्म के दो प्रामाणिक स्रोत हैं–श्रुति एवं स्मृति। श्रुति का शाब्दिक अर्थ है 'जो सुना गया' तथा स्मृति का अर्थ है 'जो स्मरण रखा गया'। श्रुति उद्घाटित ज्ञान है, स्मृति पारम्परिक ज्ञान।

श्रुति प्रत्यक्ष अनुभव है। महान् ऋषिओं ने धर्म के शाश्वत सत्यों को सुना और उनका लिखित प्रमाण भावी पीढ़ियों के लिए छोड़ गए। इन्हीं लिखित प्रमाणों से वेदों और उपनिषदों का संकलन हुआ। अत: श्रुति प्राथमिक प्रमाण है। स्मृति उस अनुभव का अनुस्मरण है। अतएव यह एक परोक्ष प्रमाण है। स्मृतियाँ भी ऋषियों द्वारा लिखे गये ग्रन्थ ही हैं, लेकिन वे अन्तिम प्रमाण नहीं हैं। यदि किसी स्मृति में कुछ ऐसा है जो श्रुति का खण्डन करता है, तो उस स्मृति को अस्वीकार किया जायेगा। भगवद्गीता एक स्मृति है। इसी प्रकार महाभारत भी एक स्मृति है।

स्मृतियाँ वे प्राचीन, पवित्र धर्म-संहिताएँ हैं जो सनातन वर्णाश्रम धर्म से सम्बन्ध रखती हैं। वे उन धार्मिक सिद्धान्तों एवं कर्मकाण्डों की सम्पूर्ति एवं व्याख्या करती हैं जिन्हें वेदों में विधियाँ कहा गया है। स्मृतियाँ वेदों के उपदेशों पर आधारित हैं। प्रामाणिकता की दृष्टि से स्मृति का स्थान श्रुति के बाद है। यह सनातन धर्म की व्याख्या एवं उसके उन नियमों को निर्धारित करता है जो हिन्दुओं के राष्ट्रीय, सामाजिक,

पारिवारिक एवं व्यक्तिगत दायित्वों को व्यवस्थित करते हैं।

मुख्य स्मृतियाँ अथवा धर्म-शास्त्र अठारह हैं। सर्वाधिक महत्त्व वाले मनु, याज्ञवल्क्य एवं पराशर के हैं। शेष पन्द्रह विष्णु, दक्ष, अपस्तम्ब, समवर्त, व्यास, हरित, शततप, वशिष्ठ, यम, गौतम, देवल, शंख-लिखित, उशना, अत्रि तथा शौनक के हैं।

मनु के नियम सत्य युग के लिए थे, याज्ञवल्क्य के त्रेता युग के लिए, शंख-लिखित के द्वापर युग के लिए तथा पराशर के वर्तमान कलियुग के लिए हैं।

जो नियम और कानून तात्कालिक सामाजिक स्थिति पर पूर्णतया आधारित हैं, उन्हें देश और काल की परिवर्तित परिस्थितियों के अनुसार अवश्य बदलना चाहिए। तभी समाज की प्रगति सुनिश्चित हो पाएगी। आधुनिक युग में मनु के कुछ नियमों का पालन सम्भव नहीं। हम उनके अभिप्राय को समझ सकते हैं, परन्तु अक्षरश: उनका पालन नहीं कर सकते। समाज विकास कर रहा है। अपनी विकास-यात्रा के क्रम में यह ऐसे कई नियमों को पार कर जाता है जो इसके विकास की एक विशेष अवस्था में मान्य एवं सहायक थे। अब अनेक नवीन परिस्थितियाँ अस्तित्व में आ गई हैं जिनके बारे में पुरातन स्मृतिकारों ने चिन्तन नहीं किया था। अब लोगों से उन प्राचीन, अप्रचलित नियमों का पालन करने को कहना व्यर्थ है।

हमारा आधुनिक समाज काफी बदल चुका है। इस युग की आवश्यकताओं के अनुरूप अब एक नवीन स्मृति का आना अत्यावश्यक है। किसी अन्य ऋषि को आज एक नवीन, समयानुकूल धर्मसंहिता अवश्य प्रस्तुत करनी चाहिए। इस भावी ऋषि का हार्दिक अभिवादन!

शास्त्रविहित धर्म और अन्तरात्मा की आवाज

अब मैं अन्तरात्मा की आवाज पर चंद शब्द कहूँगा। कुछ लोग कहते हैं, 'हम अपनी अन्तरात्मा की आवाज सुनकर ही अच्छे और बुरे, सही और गलत को जान लेते हैं। हमें शास्त्रों और धर्मग्रन्थों की आवश्यकता नहीं।' लेकिन वास्तव में कोई भी व्यक्ति केवल अन्तरात्मा की आवाज के सहारे उचित-अनुचित का निर्णय नहीं कर पायेगा।

अन्त:करण की आवाज कुछ संकेत अवश्य दे सकती है, लेकिन कठिन एवं कष्टकर परिस्थितियों में इसकी सहायता की अपेक्षा नहीं की जा सकती। यह एक अचूक मार्गदर्शक नहीं है। मनुष्य का अन्त:करण शिक्षा एवं अनुभवों के साथ परिवर्तित होता है। यह व्यक्ति की बौद्धिक अवधारणा मात्र है। व्यक्ति की अन्तरात्मा उसकी प्रवृत्तियों, अभिरुचियों, शिक्षा, रुझानों, आदतों एवं वासनाओं के अनुसार बोलती है। एक असभ्य जंगली के अन्त:करण की भाषा किसी सभ्य शहरी की भाषा से बिल्कुल भिन्न है। एक भौतिकवादी यूरोपियन के अन्त:करण की भाषा एक उदात्त भारतीय योगी के अन्त:करण की भाषा से बहुत अलग है।

किसी ड्राइवर से पूछिये, 'तुम्हारा कर्त्तव्य क्या है?' तो वह कहेगा, 'मुझे प्रतिदिन बीस रुपये किसी भी प्रकार कमाने हैं। मुझे दस लीटर पेट्रोल, टायर, ट्यूब और मोबिल खरीदना है। टायर बहुत मंहगे हैं। मेरी छ: बेटियाँ और पाँच बेटे हैं जिनकी मुझे देखभाल करनी है।' यदि आप उससे ईश्वर, नैतिक गुणों, बन्धन-मोक्ष, भले-बुरे, धर्म-अधर्म के बारे में कुछ भी पूछें तो वह हक्का-बक्का रह जाएगा।

एक ही जाति, धर्म और पंथ के दो व्यक्तियों के अन्त:करण की आवाज में इतना अन्तर क्यों है? एक ही जिले, एक ही समुदाय के दस लोगों में हम दस प्रकार के मत क्यों पाते हैं? मनुष्य को उचित-अनुचित, भले-बुरे, धर्म-अधर्म तथा जीवन के अन्य कर्त्तव्य समझाने के लिए केवल अन्त:करण की वाणी पर्याप्त मार्ग-निर्देशन नहीं कर सकती। शास्त्र एवं सिद्ध महापुरुष ही मनुष्य का अपने कर्त्तव्यों के कुशल निष्पादन में सही पथ-प्रदर्शन कर सकते हैं।

प्रिय मित्र, अपने कर्त्तव्यों का उचित ढंग से निर्वहन कीजिये। जहाँ भी आपको शंका हो, शास्त्रों एवं महात्माओं से परामर्श लीजिये। अधिकांश लोगों में शास्त्रों में दिये गये नैतिक सिद्धान्तों एवं नियमों के बारे में सोचने की न तो योग्यता है और न ही उनके पास इसके लिए इतना समय है। इसलिए आप *महाजनो येन गत: स पन्था:* के सूत्र का अनुसरण करते हुए सन्त-महात्माओं से निर्देश प्राप्त कर उनका अक्षरश: पालन कीजिए। विकास और उन्नति के मार्ग पर आगे बढ़ते हुए अन्त में सच्चिदानन्द आत्मा का साक्षात्कार कीजिये! ■

Satyameshwar Mahadeva Arrives in Sannyasa Peeth

An auspicious start to Swamiji's panchagni sadhana this year took place with the arrival of Satyameshwar Mahadeva. A three-feet tall black Shivalingam, he was installed on a special platform overlooking the Ganga at Paduka Darshan with the chanting of specific mantras, havan, abhisheka and pooja in a ceremony lasting three days, from 12th to 14th January, by pandits who came from Kashi Vishwanath for this purpose.

Introducing the new form of Shiva to everyone, Swamiji said, "The spirit of Shiva in this Shivalingam is dedicated to the fulfilment and completion of Sri Swamiji's vision and sankalpa. It is his strength that will now guide the process, the development and growth of the third mission of Sri Swamiji: Sannyasa Peeth." He said, "This mahalinga is dedicated to Sri Swamiji, therefore his name will be Satyameshwar Mahadeva, Mahadeva who is the lord of Satyam. Sri Swamiji's ishta devata was Lord Mrityunjaya, and this is a mirror replica of Lord Mrityunjaya. The name also indicates the three qualities that Mahadeva has: Satyam, Shivam and Sundaram, and Satyam is also the name of our Guruji."

